## किसानों की मेहनत पर मौसम पानी फेरने पर आमादा, आसमान में छाए बादल

# गेहूं की कटाई गहाई का चल रहा कार्य बारिश ने अन्नदाता की बढ़ा दी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंगलवार की शाम अचानक तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। बेमौसम बारिश ने सबसे ज्यादा किसानों की टेंशन बढ़ा दी है। क्योंकि मौजूदा समय में रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की कटाई गहाई का कार्य चल रहा है। तेज हवा के साथ हुई बेमौसम बारिश से जहां गेहूं की फसल कटाई गहाई कार्य भी प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा फसल सूखने में भी समय लगेगा। बेमौसम बारिश ने किसानों की चिता बढ़ गई है।

मौसम को देखते किसान अपनी उपज को जल्दी समेटने में जुटा हुआ है। मंगलवार को बादल छा गए और शाम होते होते तेज हवा चलने लगी। कुछ ही देर में बारिश होने लगी। लगभग आधा घंटा हुई बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया, क्योंकि इस समय किसान रात दिन करके खेतों पर अपने परिवारों के साथ गेहूं की फसल समेटने में जुटा हुआ है। कई किसानों का अभी गेहूं खेत पर ही कटा पड़ा है। बारिश से गेहूं की कटाई का कार्य प्रभावित हो गया है। खेत में पड़ा कुछ किसानों का भूसा उड़ गया और गेहूं भी बारिस की चपेट में आ गया।





### कहीं आंधी तो कहीं बारिश

आसमान में काले बादलों की जमघट तथा रह-रह कर हो रही बारिश की बौछार अब जिले के किसानों की मुसीबत बन गई है। मौसम विभाग की चेतावनी के उपरांत मंगलवार की शाम जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में चली तेज आंधी और हल्की व तेज बारिश हुई। बारिश के कारण खेतों में नमी बन आई, कुछ हिस्सों में पानी जम गया।

बताया जाता है कि जिले में हजारों हेक्टेयर में गेहूं के फसल बोई जाती है जो अप्रैल माह तक तैयार होने के कारण अब खेतों में पककर कटने के लिए तैयार है या कटकर घरों, बाड़ियों या खलिहानों में भंडारित है। किसानों का कहना है कि फसल व उपज गीली होने तथा धूप नहीं खिली तो दाने फुलकर खराब हो जाएगी। इससे किसानों को अधिक नुकसान उठाना पड़ेगा। हालांकि अभी मौसम साफ नहीं हुआ जिससे बारिश की संभावना भी बनी हुई है। तेज व मध्यम हवाओं के कारण वातावरण में हल्की ठंड का माहौल बना हुआ है।

## 315 बोर के देशी कट्टा के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में अनूप सिहं थाना प्रभारी थाना माथवनगर व्दारा अपने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखते हुए चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ तेज कर दी है। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिली कि अमीरंज सिंधी केम्प तिराहे के पास एक व्यक्ति गंभीर घटना सारी करने की नियत से देशी कट्टा रखे है जिससे आमजनों में दहशत व्याप्त है। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे और उक्त व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने बताया कि वह निखिल ताजवानी पिता प्रकाश ताजवानी होना बताया जिसकी जामा तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक देशी कट्टा 315 बोर का लोडेड जिन्दा कारतूस सहित मिला उक्त आरोपी का कृत्य धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय अपराध होने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

कार्यवाही मे अनूप सिंह थाना प्रभारी, विष्णु शंकर जायसवाल उप निरीक्षक, प्र आर. सोमनाथ शर्मा, प्र.आर. अविनाश मिश्रा, आशीस श्रीवास, आरक्षक राजहंस, सुभाष, नीलम की भूमिका रही।

## चाकू लेकर आतंक मचाते वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** कुठला पुलिस ने मंगलवार को एक वारंटी को हाथ में चाकू लेकर क्षेत्र में आतंक मचाते हुए पकड़ा। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि इन्द्रानगर गली नं.06 कम्पलेक्स के पीछे एक व्यक्ति धारदार चाकू लिये नीले टी शर्ट एवं हरा छीटदार हाफ चड्डा पहने हुये कोई घटना करने के आशय से घूम रहा है। दहशतगर्द आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी किशन निषाद पिता इन्द्रभान निषाद उम्र 25 साल निवासी इन्दानगर थाना कुठला जिला कटनी को घातक चाकू सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 25(2) आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त आरोपी का गिरफ्तारी वारंट न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी किया गया था।

## खबर संक्षेप

### 174 माईक्रो आब्जर्बर का प्रशिक्षण 22 अप्रैल को

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र खजुराहो हेतु नियुक्त 174 माईक्रो आब्जर्बर का एक दिवसीय प्रशिक्षण 22 अप्रैल 2024 को दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण शिशिर गेमावत ने एक दिवसीय आयोजित प्रशिक्षण में नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी के साथ संलग्न माईक्रो आब्जर्बर को नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।

### मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**कटनी।** जिले में लोकसभा के चुनाव के लिये दो चरणों में मतदान होना है। शहडोल लोकसभा क्षेत्र में शामिल जिले के बडवारा विधानसभा क्षेत्र में मतदान 19 अप्रैल को और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा, बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को होगा।राज्य शासन ने प्रत्येक चरण के मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश का दिन होगा।

### कर्मचारियों का प्रशिक्षण 13 अप्रैल को होगा

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा बड़वारा क्षेत्र हेतु सामग्री वितरण एवं जमा करानें में संलग्न कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण 13 अप्रैल 2024 को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्री शिशिर गेमावत ने एक दिवसीय आयोजित प्रशिक्षण में नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी के साथ सामग्री वितरण में जमा में संलग्न कर्मचारियों को नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।

### हादसे में घायल युवक की इलाज दौरान मौत

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के अमरपुर - बरही मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए एक बाइक सवार युवक की मंगलवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अस्पताल चौकी प्रभारी रणदमन सिंह ने बताया की बरही थाना क्षेत्र के उबरा गांव निवासी इंद्रपाल पिता भूरा कोल (30) आठ मार्च को मोटर साइकिल से अमरपुर जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को पहले बरही अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद युवक को जिला अस्पताल रैफर किया गया। इलाज दौरान मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है।

### पान मसाला कारोबारी के यहां हुई छापामारी

**कटनी।** भोपाल से आई जीएसटी की टीम ने एक पान मसाला कारोबारी के यहां छापामार कार्यवाही की। जिस समय जीएसटी की टीम ने दुकान में छापा मार कार्यवाही की उस समय दुकान संचालक दुकान पर मौजूद नहीं था। जीएसटी की टीम द्वारा दुकानदार के संबंध में नौकरों से जानकारी एकत्र की जा रही है। भोपाल से आई एक दर्जन से अधिक जीएसटी अधिकारियों की टीम दुकान की शटर गिराकर अंदर मौजूद है। बताया जाता है कि जीएसटी की टीम द्वारा छापामार कार्यवाही किए जाने की खबर मिलते ही दुकानदार लापता हो गया है। दुकान की शटर गिराकर जीएसटी के अधिकारी अंदर जांच कार्यवाही कर रहे थे।

### केसरिया साड़ी पहन कर शहर के विभिन्न मार्गों से निकली रैली

## हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य पर निकली मातृशक्ति वाहन रैली, गूंजा जयघोष




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

चैत्र नवरात्र के प्रारंभ पर और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में मातृ शक्तियों की वाहन रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संपूर्ण समाज में यह जागरूकता लाना है कि हमारा हिंदू नव वर्ष ,चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही प्रारंभ होता है, आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, आज ही के दिन महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था, भगवान झूलेलाल की जयंती चेट्रीचंड के रूप में और महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में पोंगल पैसे कई ऐतिहासिक मान्यताओं को मानते हुए और प्रकृति में भी परिवर्तन दृष्टिगोचर होता है इसलिए हमारा नव वर्ष भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने के शुभ अवसर पर भारत माता की जय ,वंदे मातरम के नारों के साथ अधिक से अधिक संख्या में इस वाहन रैली में मातृ शक्तियों ने सम्मिलित होकर राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाया।

रैली में केसरिया रंग की साड़ी पहनकर एवं केसरिया रंग की पगड़ी में घंटाघर, गर्ग चौराहा, कारगिल चौक, हाई फैशन ,खोवा बाजार से होते हुए ,सुभाष चौक, मोहन टॉकीज रोड,फॉरेस्टर प्लेग्राउंड,गणेश चौक,स्टेशन रोड होते हुए कमानिया गेट वाले दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर महाआरती के साथ समाप्त हुई। राष्ट्र सेविका समिति, जिला कटनी ने रैली में सम्मिलित हुई समस्त मातृ शक्तियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्ति किया है।

## नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में भक्तों का तांता



हिन्दू नव वर्ष और चैत्र नवरात्रि की शुरुआत मंगलवार से हो गई है। नौ दिनों तक मातारानी के अलग-अलग नवरूपों की पूजा होगी।उमरियापान- ढीमरखेड़ा और सिलौड़ी क्षेत्र के तमाम देवी मंदिरों में नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। शाम को देवी मंदिरों में पंडा पुजारियों ने (कलश)घटस्थापना किया। उमरियापान के बड़ी माई मंदिर, चण्डी माता मंदिर, खेर माता मंदिर, मरही माता मंदिर, पाली -कचनारी स्थित वीरासन देवी मंदिर,दशरमन के महादेवी मंदिर,पचपेढ़ी, शुक्ल पिपरिया,पोंडी कला बी सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिला श्रद्धालुओं की संख्या मंदिरों में ज्यादा रही। मंदिरों में जल, पुष्प,फल, नारियल,चुनरी, श्रृंगार चढ़ाकर पहले दिन ही श्रद्धालुओं ने माता की पूजा अर्चना किया। मातारानी का आशीर्वाद पाने और भक्ति में श्रद्धालुओं ने व्रत (उपवास) रखा।इसी दिन से ही हिंदू नव वर्ष की भी शुरुआत हुई।नवरात्र शुरू होने से पहले ही मंदिर समितियों और श्रद्धालुओं ने मंदिरों की साज सज्जा में लगे रहे।

## शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए एसएसबी टीम के साथ पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए जिला पुलिस बल पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी क्रम में रीठी मे शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान का संदेश देने के लिए पुलिस ने एसएसबी टीम के साथ फ्लैग मार्च कर के परिस्थितियों का जायजा लिया। फ्लैग मार्च को लेकर जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्र ने कहा की शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में एसएसबी की विशेष सशस्त्र टुकड़ी के साथ थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। टीम को क्षेत्र की परिस्थितियों से अवगत कराया गया।



उन्होंने कहा कि चुनाव में शांति व सुरक्षा कायम रखने के साथ लोगों को भय मुक्त होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। खजुराहो संसदीय सीट के लिए 26 अप्रेल को मतदान होना है लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग निष्पक्ष व निर्भीक होकर करे इसके लिए रीठी थाना क्षेत्र मे पुलिस ने एसएसबी के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा का संदेश दिया। फ्लैग मार्च रीठी मे थाना से शुरू हुआ जो मुख्य बाजार से तिराहा पहुंचा जहां लोगों को सुरक्षा व शांति का भरोसा दिया गया।

### तिलक महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

## छात्रों को उद्यान संरचना के उपकरण एवं तकनीक का प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्य डॉक्टर सुधीर खरे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।



प्रशिक्षण के क्रम में उद्यान संरचना के उपकरण एवं तकनीक के प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि उद्यानिकी में काम आने वाले वे सभी उपकरण जो बागवानी के कार्य को आसान बनाते हैं वह सभी औजार कहलाते हैं । गार्डन उपकरण के अंतर्गत हाथ से चलने वाले तथा पावर बैटरी डीजल से चलने वाले एवं सिंचाई के उपयोग में आने वाले उपकरणों की जानकारी दी गई। हाथ से चलने वाले उपकरणों के अंतर्गत हाथ के दस्ताने हैंड कल्टीवेटर डिवलर कुदाली फावड़ा तथा कलिकायन, उपरोपण चाकू, सिकेटियर, बाड़ एवं घास कैची, गैंती खुरपी, बेलचा, दराती, आरी कुल्हाड़ी, लालरैक, हैंड एवं गार्डन फोर्क, पावर उपकरणों के अंतर्गत स्प्रे मशीन, नेप सेक स्प्रेयर, फुट स्प्रेयर, डस्टर, ट्रावेल, सीड ड्रेसर मशीन, लान मोवर, पहियेदार गाड़ी तथा सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर झारा एवं पाइप के उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

गार्डन संरचना के अंतर्गत गार्डन डिजाइन स्थान का चयन एवं मिट्टी रोपण, डिजाइन उद्यान का फर्नीचर, प्रकाश एवं सूरज की रोशनी सजावटी पौधे सब्जियां उगाना, बाड़ा एवं लान तथा कला के रूप मैं उद्यान के अंतर्गत बाजार में उपलब्ध विभिन्न प्रतिमाएं रोशनी फव्वारे लकड़ी का फर्नीचर स्टील आदि उपलब्ध है। बागवानी करने वाला इन सामानों का उपयोग अपने बगीचे की रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

### कलेक्टर ने की निर्वाचन के नोडल अधिकारियों की वर्चुअली समीक्षा

## गर्मी से बचाव के बताये उपाय, पेयजल व्यवस्था कराने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने लोकसभा निर्वाचन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों के कार्यों की वर्चुअली समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण निर्वाचन हेतु कार्य टीमवर्क की भावना से किया जाना चाहिये।

सभी नोडल अधिकारी अपने लिये निर्धारित कार्य दायित्वों की सतत मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने कहा है कि, सभी चुनाव कर्मी, गर्मी और लू से बचाव के प्रति सतर्कता बरतते हुए कर्तव्यों का निर्वहन करें।

### दल के साथ रहे मेडिकल किट

कलेक्टर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गर्मी और लू का असर दिन व दिन बढ़ेगा इसलिए मतदान दल के साथ जरूरी दवाइयों के साथ ओ.आर.एस. आदि भी मेडिकल किट मे रखवाने की व्यवस्था करें। आपात स्थिति में मतदान कर्मी के बीमार होने पर हर संभव नजदीकी अस्पताल में इलाज दिलाना सुनिश्चित करें।





### मतदान केन्द्र में पेयजल व्यवस्था

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा है कि सभी मतदान केन्द्रों में पानी की उपलब्धता प्रसाधन व्यवस्था सहित विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में रोशनी के लिये रिचार्जेबल बल्व की व्यवस्था की जाय। मतदान केन्द्रों तक जाने वाली सड़कों में बिजली के तार नही झूलने चाहिये। साथ ही पहुँच मार्ग की मरम्मत इत्यादि का कार्य भी समय-सीमा में सुनिश्ति करें।

### ट्रेनिंग सेंटर में रखें मेडिकल टीम

कलेक्टर ने गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों को निर्वाचन की ट्रेनिंग के दौरान मौके पर मेडिकल टीम अवश्य रखने की हिदायत दी है। ताकि किसी कर्मचारी की अचानक तबियत खराब होने पर उसे तुरन्त उपचार मिल सके।

### गर्मी से बचाव के उपाय बताये

कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान कहा है कि मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ गर्मी और लू से बचाव के तौर तरीकों की जानकारी अवश्य दिया जाना चाहिये। साथ ही ई.व्ही.एम. और व्ही.व्ही.पी.ए.टी को भी सीधी धूप से बचाने की भी समझाइश मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान देने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

### स्वीप गतिविधियों

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के आयोजन का सिलसिला जारी है। पेंटिंग ,स्लोगन, दीवार लेखन सहित मतदाता जागरूकता क्रिकेट टूर्नामेन्ट जैसे आयोजनों से लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने हेतु सकारात्मक वातावरण बनाने की जानकारी दी गई है। कालेजों में मेंहदी प्रतियोगताएं और रंगोली का आयोजन भी जारी है।

नोडल अधिकारी मैनपावर नयनसिंह ने बताया कि अब तक 5 शैक्षणिक संस्थाओं में 5577 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। शहडोल लोकसभा के विधान सभा बड़वारा के लिये 12 एवं 13 अप्रेल को 16 कक्षों 1336 मतदान कर्मी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### सामग्री वितरण के लिए 104 काउंटर

मतदान दलों को सेक्टर एवं सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु 1164 मतदान केन्द्रों के लिये 104 काउंटर लगाये जायेंगे। कलेक्टर श्री प्रसाद ने पांच नाकों पर पूरी मुस्तैदी और कड़ी निगरानी रखनें के निर्देश दिए।

## मतदान दलों का दो दिवसीय प्रशिक्षण 12 व 13 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र का निर्वाचन कार्य सफल, सुचारू एवं निर्विघ्न संपादन कराने हेतु मतदान दलों का तृतीय प्रशिक्षण जिले के 2 शैक्षणिक संस्थानों के 16 कक्षों में 12 एवं 13 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित किया गया है।

इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण शिशिर गेमावत ने आदेश जारी कर मतदान दलों में संलग्न 1336 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करनें हेतु जिला स्तर एवं विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त कर नियत तिथियों में निर्धारित स्थल पर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है।

लोकसभा निर्वाचन हेतु निर्धारित तिथियों मे जिले के 2 शैक्षणिक संस्थानों में मतदान दल के कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु कुल 32 मास्टर ट्रेनर्स एवं 8 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किये गए है।

### प्रशिक्षण स्थल

निर्धारित तिथि 12 एवं 13 अप्रैल को पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 1 से 10 तक कुल 960 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जबकि सेंटपॉल स्कूल झिंझरी के कक्ष क्रमांक 1 से 6 तक कुल 379 कर्मचारियों को प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण ने संस्था प्रमुख को प्रशिक्षण केन्द्र में बैठक, प्रकाश, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए है।

## खबर संक्षेप

### मतदान के लिए जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियां

**कटनी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दिवसों पर मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक और प्रेरित करने के उद्देश्य से जिलेभर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत के निर्देश पर स्वीप टीम द्वारा मतदाता शपथ, रंगोली, मेंहदी, दीपक प्रज्वलित कर, दीवार लेखन, पेंटिंग द्वारा चित्रकारी के माध्यम से, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी एवं क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन इत्यादि प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। सीईओ श्री गेमावत ने बताया की आज बुधवार को तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच ऑर्डनेंस ग्राउंड पर राजस्व और रेलवे के बीच खेला जाएगा तथा चौथा क्वार्टर फाइनल रेलवे एनकेजे ग्राउंड पर पुलिस विरुद्ध विद्युत विभाग के बीच खेला जाएगा। दोनों क्वार्टर फाइनल क्रिकेट मैच प्रातः काल 7:30 बजे से खेले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पहला और दूसरा क्वार्टर फाइनल खेला जा चुका है। जिसमें प्रशासन एकादश और ऑर्डिनेंस ने विजयश्री हासिल की थी। इसके बाद आज के मैचों में जो भी टीम क्वार्टर फाइनल में जीत हासिल करेगी तथा पहले, दूसरे क्वार्टर फाइनल की विजेता टीमों के बीच सेमीफाइनल के मैच खेले जाएंगे। स्वीप टीम द्वारा जिले के समस्त नागरिकों ,पत्रकार बंधुओ, क्रिकेट के शौकीनों, अधिकारियों और कर्मचारियों से क्रिकेट मैच के आयोजन में उपस्थित होकर क्रिकेट के रोमांच को देखने और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाये जाने का आग्रह किया गया है।

### 14 अप्रैल को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**कटनी।** प्रदेश में 14 अप्रैल रविवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के मौके पर निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आज अधिसूचना जारी की है। यह सार्वजनिक अवकाश सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में रहेगा।

### जागरूकता के लिए प्रेरक नारों का किया गया दीवार लेखन

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दीवार लेखन, शपथ, निबंध प्रतियोगिता, सेल्फी प्वाइंट जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में विकासखण्ड समन्वयक अरविंद शाह के मार्गदर्शन मे जिले की ग्राम पंचायत पथराडी पिपरिया और कठौतया मे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के एम.एस.डब्ल्यू छात्र मनोज कुमार एवं सुषमा लोधी द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी प्रेरक नारों का दीवार लेखन किया गया। इस दौरान ग्रामीण मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूक समाज की क्या पहचान शत प्रतिशत हो मतदान, सारे काम छोड दो सबसे पहले वोट दो, लोकतंत्र का पर्व महान पहले वोट फिर जलपान, घर-घर अलख जगाएंगे वोट डालने जाएंगे, बहकावे में कभी न आना सोच समझकर बटन दबाना जैसे नारे लेखन का कार्य किया गया। साथ ही मतदाताओं को निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

### माईक्रो आब्जर्बर का प्रशिक्षण 14 अप्रैल को

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत संददीय क्षेत्र शहडोल हेतु नियुक्त 42 माईक्रो आब्जर्बर का एक दिवसीय प्रशिक्षण 14 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण शिशिर गेमावत ने एक दिवसीय आयोजित प्रशिक्षण में नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी के साथ संलग्न माईक्रो आब्जर्बर को नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।

---

### नदी के घाटों का होगा सीमांकन और सौंदर्यीकरण बनेगा रिवर फ्रंट

# दुर्दशाग्रस्त माई नदी को पुनर्जीवित करने भागीरथी प्रयास करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी।

जिला प्रशासन ने कटनी वासियों के जन सहयोग से कटनी शहर की माई नदी का पुनरुद्धार कर इसे सदानीरा बनाने की दिशा में भगीरथ प्रयास शुरू कर दिये है। इसके लिए आज मंगलवार को एस.डी.एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा की अध्यक्षता मे सामाजिक संस्थाओं और समाज के प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित कर सुझाव लिये गये।



माईनदी के तटों पर बने प्राचीन मंदिरों के प्रति पीढ़ियों से कटनीवासियों की आस्था और श्रद्धा रही है। इसलिए जनसहयोग से माई नदी के जीर्णोद्धार कार्य की अगुवाई करने में कटनीवासियों ने आगे बढ़कर दिलचस्पी दिखाया है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने बीते 21 मार्च को अपने बड़वारा विलायतकला के भ्रमण से वापसी के दौरान माई नदी के पुल के पहले वाहन से उतरकर वेंकट वार्ड निषाद स्कूल तक की पैदल यात्रा के दौरान सूखी माई नदी को देखकर एस.डी.एम प्रदीप कुमार मिश्रा को माई नदी के जीर्णोद्वार की दिशा मे जनभागीदारी से मुहिम चलाने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के बाद मंगलवार को आयोजित बैठक में समाज के सभी वर्गों ने जन सहयोग से नदी को पुनर्जीवित करने में भागीदारी निभाने की बात कही।

#### बनेगा रिवर फ्रंट

ठरका टैंक से निकलने वाली 14 किलोमीटर लंबी माई नदी के सभी महत्वपूर्ण घाटों नदीघाट, अग्रवाल घाट, सरसवाही घाट सहित सभी घाटों का सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। साथ ही नदी में मिलने वाले सभी सात नालों के पानी के शुद्धीकरण हेतु वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था की जायेगी। माई नदी को पुनर्जीवित कर सदानीरा बनाकर यहां रिवर फ्रंट बनाया जायेगा।

माई नदी के दोनो तरफ के घाटों का सीमांकन कराकर जल विशेषज्ञों के मार्गदर्शन व निगरानी में माई नदी को पुराने वैभव और स्वरूप में लाने की दिशा में जन सहयोग से कार्य किया जायेगा।

#### श्रमदान और जन सहयोग

बैठक में मौजूद रहे सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, उद्योगपतियों और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने स्वेच्छा से इस नेक और पुण्य के कार्य में श्रमदान और जन सहयोग की मंशा व्यक्त की है।

#### अगली बैठक 13 को

एस.डी.एम कटनी ने बताया कि मंगलवार की बैठक में जिस प्रकार से माई नदी को सदानीरा बनाने कटनी के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साह दिखाया है उसे देखते हुए विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की बैठक 13 अप्रैल को आयोजित की गई है। बैठक में नगर निगम उज्जैन के सेवानिवृत्त इंजीनियर एवं क्षिप्रा नदी के पुनरुद्धार के लिए कार्य कर चुके जल विशेषज्ञ अरूण नामदेव, मानव विकास समिति के संचालक निर्भय सिंह मौजूद रहे।

---



## छात्रों द्वारा दीप जलाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित करनें के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न स्वीप गतिवधियों का आयोजन किया जा रहा है।

#### चौपाल व संगोष्ठी

जिला पंचायत सी.ई.ओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन एवं जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल एवं ब्लॉक समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के नेतृत्व में जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी द्वारा सोमवार को पहाड़ी सेक्टर क्रमांक-04 के ग्राम इमलिया में सीएमसीएलडीपी एमएसडब्ल्यू के छात्र नवीन कोरी के प्रयोगशाला ग्राम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संध्याकाल में दीपक जलाकर ग्रामवासियों को निष्पक्ष एवं अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जागरूकता रैली तथा चौपाल एवं संगोष्ठी के माध्यम से नागरिकों को अपने मताधिकार को प्रयोग करनें हेतु जागरूक करने का प्रयास किया गया।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में श्रीमती संयोगिता त्रिपाठी सहित एमएसडब्ल्यू छात्र नवीन कोरी के साथ बड़ी संख्या में युवा और ग्रामवासी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

**एक को किया बाउंड ओवर दूसरे को किया जिलाबदर**

## कलेक्टर ने दो आदतन अपराधियों के विरुद्ध की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने जिले के दो आदतन अपराधी के विरुद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए एक पर बाउंड ओवर तथा दूसरे आदतन अपराधी के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही करते हुए संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया हैं। कलेक्टर अवि प्रसाद ने उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की है।

जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद द्वारा थाना उमरियापान अंतर्गत उमरियापान बस्ती निवासी मनोज उर्फ मंजू सोनी पिता पुरूषोत्तम सोनी उम्र 35 के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बाउण्ड ओवर की कार्यवाही का आदेश जारी किया है। मनोज के विरूद्ध वर्ष 2001 से 2020 तक चार आपराधिक प्रकरण आपराधिक अभित्रास , अश्लील कार्य करने स्वेच्दया उपहति करने हमला करनें तथा चोरी करने के पंजीबद्ध उपरांत विवेचना उपरांत न्यायालय में विचाराधीन है। मनोज के विरूद्ध समय- समय पर आपराधिक गतिविधियों मे अंकुश लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के बाद भी इसकी आपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ।

उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अवि प्रसाद नें मनोज उर्फ मंजू सोनी को 3 माह की अवधि तक माह माह मे एक दिवस अपनी उपस्थिति उमरियापान थाने में दर्ज कराने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने थाना माधवनगर कटनी अंतर्गत इन्द्रा ज्योति कालोनी निवासी 23 वर्षीय मोहित उर्फ चीकू चौधरी पिता सुधीर चौधरी के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही प्रस्तावित की है।

मोहित उर्फ चीकू के विरूद्ध वर्ष 2017 से 2023 तक 15 प्रकरण दर्ज किये जा चुके है। मोहित पर अवैध रूप से शराब विक्रय करने, सट्टा पटटी काटने , मारपीट करने जैसे अपराध थाना माधवनगर में पंजीबद्ध किये जाकर विवेचना उपरांत न्यायालय में विचाराधीन है। इसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लाने हेतु समय-समय प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के उपरांत भी इसके कृत्यों पर कोई सुधार नहीं होने तथा शांति व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नें मोहित उर्फ चीकू चौधरी को जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना, उमरिया की राजस्व सीमाओं से 3 माह की अवधि के लिए बाहर चले जाने का आदेश दिया है।

इस अवधि में मोहित को न्यायालय की अनुमति के बिना जिले में प्रवेश करनें की अनुमति नहीं होगी। मोहित को दांण्डिक न्यायालयीन प्रकरणों की नियत पेशी में उपस्थित हो सकेगा।

---

## जालपा मंदिर में पूजन अर्चन करने उमड़े श्रद्धालु



आदि शक्ति मां दुर्गा की भक्ति आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र मंगलवार से प्रारंभ हो गये। सुबह से ही मंदिरों में पूजन अर्चन व जलार्पण करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इसके अलावा महिलाओं ने व्रत रखकर विधि विधान से पूजन किया। नगर सहित ग्रामीण अंचलों के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में सुबह से लेकर दोपहर तक पूजन का सिलसिला चलता रहा। शहर के शक्तिपीठ मां जालपा देवी मंदिर में सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। अन्य देवी मंदिरों में भी लोगों ने पूजन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

---

**नरवाई जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों को रोकने कलेक्टर ने लगाया है प्रतिबंध**

## प्रतिबंध और समझाइश का भी नहीं असर, नरवाई जलाने पर एफआरआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला प्रशासन द्वारा नरवाई मे आग लगाने वाले किसानों के विरुद्ध कार्रवाई का सिलसिला निरंतर जारी है। सोमवार को पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में नरवाई जलाने के मामले के की जिले की पांचवीं एफआईआर दर्ज कराई गई।

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा पुनः किसान भाइयों से नरवाई नहीं जलाने की अपील की गई है। कलेक्टर ने अपनी अपील में किसान भाइयों से नरवाई जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा है कि नरवाई जलाने की प्रवृत्ति के चलते जान- माल की क्षति की आशंका, पर्यावरणीय दुष्प्रभाव और भूमि की उर्वरता में कमी के साथ -साथ भीषणअग्नि दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। इसलिए नरवाई में आग नहीं लगायें। नरवाई के समुचित और व्यवस्थित निपटान के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों की सलाह पर अमल करें।

ढीमरखेड़ा अंतर्गत झिन्ना पिपरिया निवासी सुमित कुमार सोनी के खिलाफ नरवाई जलाने पर ढीमरखेड़ा पुलिस थाना मे एफ आई आर दर्ज कराई गई है।

#### कोटवार की शिकायत पर दर्ज की गई एफआईआर

एस डी एम ढीमरखेड़ा विंकी सिंहमारे उइके ने बताया कि झिन्ना पिपरिया निवासी सुमित कुमार सोनी पिता द्वारका प्रसाद सोनी ने विगत 5 अप्रैल को अपने खेतो मे नरवाई मे आग लगाई, जिससे आग के फैलने से जान -माल के नुक़सान की संभावना को देखकर कोटवार रामसुजान दहिया द्वारा पंचनामा तैयार कराते हुए तहसीलदार को प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन के आधार पर सुमित कुमार सोनी के विरुद्ध खेतों की नरवाई जलाने पर थाना ढीमरखेड़ा मे उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड विधान 1860 की धारा 188 के तहत अपराध दर्ज कर कायमी की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा नरवाई में आग लगाने वाले किसानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का सिलसिला जारी है।जिले मे नरवाई मे आग लगाने से हो रही अग्नि दुर्घटना की यह पांचवी एफ आई आर है।

---

**महनेर में नल जल योजना के तहत कार्य में चल रही मनमानी**

## पाइप लाइन बिछाने जेसीबी से खोदी सीसी सड़क, 2 महीने से बंद पड़ा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

नल जल योजना के लिए गाँव की कई गलियों की सीसी रोड खोदी गई। ठेकेदार ने मरम्मतर किए बिना ही काम छोड़ दिया है। खुदी सड़क पर गिट्टी व पत्थरों के कारण लोगों का आना जाना मुश्किल हो गया है।

मामला ढीमरखेड़ा विकासखंड के महनेर गांव का है। जहा सरकार की नल जल योजना ठेकेदार की लापरवाही की वजह से ग्रामीणों के लिए सुविधा के स्थान पर विकट समस्या बन गई है। गाँव में ठेकेदार द्वारा बीते दो महीने पूर्व सीसी रोड को खोदकर खराब स्थिति में उसे छोड़ दिया गया था। ठेकेदार ने पाइप लाइन डाली न तो आगे का काम शुरू कराया। वर्तमान में महनेर गांव में गलियों की स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि ग्रामीणजनों का निकलना मुश्किल हो गया है। महिलाओं सहित ग्रामीणों ने अनेकों दफा सड़क की समस्या को लेकर अधिकारियों से शिकायत की।ग्रामीणों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर इसकी शिकायत भी दर्ज करवाई है। लेकिन समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों की कोई नहीं सुना।



जानकारी के मुताबिक जल जीवन मिशन के तहत महनेर गांव में पीएचई विभाग द्वारा नलजल योजना का काम किया जा रहा है। विभाग ने जिस ठेकेदार को यह काम दिया है उसने दो महीने से काम बंद कर रखा है।पाइप लाइन बिछाने के लिए गांव की सीसी रोड भी खोद दी, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है।ग्रामीणों ने बताया कि, सड़क की खुदाई के अलावा कोई भी काम नहीं कराया गया है।

पाइप लाइन बिछाने के लिए बीते दो महीने से सड़क खुदी पड़ी है।उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने काम शुरू करते समय कहा था कि, पाइप लाइन बिछाने के दौरान जो सड़क क्षतिग्रस्त होगी,उसकी मरम्मत करा दी जाएगी। लेकिन ठेकेदार ने जेसीबी मशीन से सड़क खोदकर काम ही नहीं कराया है। सड़क खुदी के कारणलोंगों के घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर बहता है। ग्रामीण इसी गन्दे पानी से होकर आवाजाही करते हैं। अब तो चैत्र नवरात्र शुरू हो गई है, मंदिरों में जवारे भी बोए हैं।लोग खुदी सड़क और सड़क पर बह रहे गंदे पानी से होकर मंदिरों तक आवाजाही करेंगे।दो पहिया वाहन चालक गिट्टी और पत्थरों से फिसलकर गिर तक चुके हैं।ठेकेदार ने गांव में पानी की टंकी का काम भी शुरू नहीं कराया है। गर्मी के इस मौसम में ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है।

#### इनका कहना है

एसडीओ पीएचई विकल्प पटेल का कहना है कि ठेकेदार ने क्यों काम रोक रखा है। इसको लेकर बात की जाएगी। यदि ठेकेदार काम शुरू नहीं करता है तो सड़क पर पड़े पत्थर और गिट्टी को हटवाया जाएगा। ताकि ग्रामीणों को परेशानी न हो।

---

**पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को देख भागने की फिराक में था यात्री**

## रेल यात्री के पास से जीआरपी ने बरामद की 22 किलो चांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सागर की तरफ से कटनी की ओर आ रही उत्कल एक्सप्रेस के एसी कोच में कटनी जीआरपी जवान जब पेट्रोलिंग कर रहा था, इसी दौरान एसी कोच के गेट के पास ट्रॉली बैग लेकर खड़ा एक युवक जीआरपी जवान को देखकर दूसरी बोगी की तरफ तेजी से जाने लगा। जीआरपी के जवान ने जब अपने साथी के साथ मिलकर उसे पकड़ा और सख्ती से पूछा तो बैक के अंदर से जो निकला उसे देखकर पेट्रोलिंग में तैनात जीआरपी जवानों के पैरों तले जमीन खिसक गई। बैक के अंदर लगभग 22 किलो वजन के चांदी के जेवर मौजूद थे, जिन्हें आरोपी सहित थाने लाया गया और जेवरात को जप्त करते हुए आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी गई है।



इस संबंध में जानकारी देते हुए जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि रेल पुलिस अधीक्षक सुश्री शिमाला प्रसाद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, उप पुलिस अधीक्षक लोकेश मार्को के द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में उप पुलिस अधीक्षक रेल कटनी सारिका पांडे के मार्गदर्शन में यात्री ट्रेनों में विशेष सुरक्षा बढ़ाई गई है।

इसी के अंतर्गतगत गोंडवाना एक्सप्रेस में चेकिंग करते हुए दमोह तक कटनी जीआरपी का स्टाफ गया था, जिसके बाद 8 अप्रैल को वही स्टॉप ट्रेन क्रमांक 18478 उत्कल एक्सप्रेस में पेट्रोलिंग करते हुए कटनी लौट रहा था। उत्कल एक्सप्रेस के कोच नंबर बी2 के गेट के पास एक व्यक्ति ट्रॉली बैग लेकर खड़ा था। जब स्टाफ बी2 कोच के पास पहुंचा तो वह व्यक्ति स्टाफ को देखकर दूसरे कोच की तरफ भागने का प्रयास करने लगा। जिसे जीआरपी स्टाफ के द्वारा पकड़ा गया। आरोपी से भागने का कारण पूछने पर वह हड़बड़ा गया और पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करने लगा। जीआरपी के जवानों ने जब उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना नाम शैलेंद्र जैन पिता श्री चंद्र जैन उम्र 35 साल निवासी वर्धमान कॉलोनी सूबेदार वार्ड थाना मोती नगर जिला सागर बताया। उक्त युवक को संदेह के आधार पर पड़कर कटनी जीआरपी थाने लाया गया जहां पर पूछताछ करते हुए जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो बैग के अंदर 21 किलो 736 ग्राम वजन के चांदी के जेवर रखे मिले। आरोपी ने सभी जेवरों को अलग-अलग पन्नियों और प्लास्टिक के डिब्बों के अंदर रख रखा था। आरोपी के पास से अंजना ज्वेलर्स नाम की पुरानी तीन रशीद भी मिली हैं।

उक्त युवक से 2 किलो 338 ग्राम वजन के चांदी के करधन, एक अन्य पानी से 2 किलो 838 ग्राम वजन के चांदी के करधन, 6 किलो 124 ग्राम वजन की चांदी की पायल, चांदी के बेल्ट 2 किलो 480 ग्राम के, 540 ग्राम वजन के चांदी की चैन, हाफ करधन 5 किलो 268 ग्राम के, 510 ग्राम वजन के छोटे बच्चों के हाथ के कड़े बरामद किए गए आरोपों से कुल 21 किलो 736 ग्राम वजन के चांदी के जेवर बरामद हुए जिनका बाजारू मूल्य लगभग 17 लाख 38 हजार 880 रुपए आंका गया है। आरोपी से जेवर जप्त करते हुए उसके खिलाफ धारा 102 जा फौ के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

#### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

इस कार्यवही में उप निरीक्षक अनिल मरावी, प्रधान आरक्षक मनोज मिश्रा, प्रधान आरक्षक रघुराज सिंह परमार, आरक्षक नरेश कुमार, आरक्षक मुकेश पांडे आदि की अहम भूमिका रही।

---

## अधिवक्ता के साथ ठग ने की 1 लाख की धोखाधड़ी

**गैंपरेप के मामले से बेटे को बचाने का हवाला देकर लगाई चपत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए नित नियें प्रयोग किये जा रहे हैं। ठगों के शिकंजे में अशिक्षित के साथ पढ़े लिखे लोग भी आसानी से आ जाते हैं। ठग ने एक अधिवक्ता को अपनी बातों में फंसाया और एक लाख रूपए की चपत लगा दी।

दरअसल शातिर ठग ने वकील को फोन करके कहा कि आपका बेटा गैंगरेप के मामले में फंस गया है, अगर बचाना चाहते हैं तो तत्काल 2 लाख रुपए की व्यवस्था करें। ठग के झांसे में आकर अधिवक्ता ने एक लाख रुपए ट्रांजेक्शन कर दिया जब उसे ठगी का अहसास हुआ तो इसकी शिकायत पीड़ित पुलिस से की है। जानकारी के अनुसार शहर के एक अधिवक्ता का बेटा नागपुर में मौजूद कॉलेज में पढ़ाई करता है। 2 दिन पहले वकील के मोबाइल पर फोन आया कि आपका बेटा गैंग रेप के आरोप में फंस गया है। जिस नंबर से कॉल आया उसकी प्रोफाइल में पुलिस की फोटो लगी हुई थी। फोन करने वाले ने बेटे को बचाने के लिए 2 लाख की मांग वकील से की। वकील साहब को जानकारी देते हुए कॉलर पुलिसकर्मी ने नागपुर में किसी थाने की बात बताई। कॉलर की बात सुनकर अधिवक्ता झांसे में आ गया और उसने अपने पुत्र को मामले से बचने के लिए फोन पे के माध्यम से 1 लाख ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर बाद जब बेटे का फोन आया तो पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत कुठला पुलिस से की है। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### फाल्ट होने के कारण बिजली सप्लाई हुई बंद

**तेंदूखेड़ा।** शाम को आंधी तूफान के साथ हुई वारिस के कारण तेंदूखेड़ा सहित तारादेही सेलवाड़ा के दर्जनो ग्रामो की बिजली सप्लाई लगभग शाम साढे 5 बजे से बंद हो गई है। बताया जा रहा है कि तेजगढ़ हरई पावर हाउस से तेंदूखेड़ा की बीच की 33 केव्ही लाईन में फाल्ट होने के कारण बिजली सप्लाई बंद है। बिजली कम्पनी के अधिकारी और कर्मचारियों लगभग 19 किलो की लम्बी लाईन में फाल्ट ढूडने का काम किया जा रहा है। देर रात तक बिजली सप्लाई होने के संभावन बताई जा रही है। लेकिन खबर लिखने के लगभग 3 घंटे से अधिक बिजली की सप्लाई बंद होने के कारण नगर में वार्डो में की जा रही पानी की सप्लाई प्रभावित हो गई है। नगर के वार्डो के अनेक घरो में पीने का पानी नहीं पहुंचा है। बैसे ही नगर के वार्डो में एक दिन छोडकर दूसरे दिना पानी की सप्लाई की जाती है। दो दिन में लगभग एक घंटा पानी ही लोगो दिया जाता है। लेकिन बिजली सप्लाई बंद होने के कारण कुछ वार्डो में तीसरे दिन या रात दो बजे तक पानी की सप्लाई दी जाती हैं। जिससे लोगो को परेषानियां का सामना करना पड़ता है।

### आईटी संबंधी कार्यो के संपादन के लिए लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आईटी संबंधी कार्यों के संपादन के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें ई-गवर्नेंस प्रबंधक दीपक सोनी, सीनियर डाटा मैनेजर मृदुल श्रीवास्तव, प्रोग्रामर पीयूष रंजन श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रशिक्षक वैभव सोनी और डाटा एंट्री ऑपरेटर शैलेन्द्र श्रीवास्तव शामिल हैं।

### कम्युनिकेशन टीम के सदस्यों का प्रशिक्षण 10 अप्रैल को

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दल सामग्री सहित मतदान केन्द्रों के लिए 25 अप्रैल को रवाना होंगे। इस दौरान दलों के रवानगी सहित मतदान केन्द्र पर पहुंचने, मतदान दिवस को मॉकपोल के प्रारंभ से लेकर प्रत्येक दो घण्टे में मतदान प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करने।

तौल पर्ची, खरीदी पावती, रेडी-टू-ट्रांसपोर्ट एवं परिवहन चालान की प्रति की फाइल संधारित की जाये-कलेक्टर

# कलेक्टर आकस्मिक रूप से पहुँचे खरीदी केन्द्रों पर, दो प्रबंधकों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज आकस्मिक रूप से गेहूं खरीदी केन्द्रों का जायजा लेने पहुंचे। अपने इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर जय वेयर हाउस जिलहरी टिगड्डा खरीदी केंद्र के अलावा अभाना और कलेहरा खेड़ा शासकीय गोदाम पहुंचे।

इस दौरान सेवा सहकारी समिति नोहटा द्वारा संचालित गेहूं खरीदी केंद्र स्थान जय वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। समिति द्वारा खरीदे गए गेहूं नान एफ.ए.क्यू. पाए जाने पर समिति प्रबंधक को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। यहां से कलेक्टर सेवा सहकारी समिति धाना मैली द्वारा संचालित गेहूं खरीदी केंद्र स्थान स्वनिर्मित गोदाम कलेहरा खेड़ा का निरीक्षण किया गया। यहां पर भी जानकारी ली गई साथ ही समिति प्रबंधक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए गए।

अपने इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा उपार्जन केन्द्रों पर कृषकों के बैठने हेतु छायादार स्थान की व्यवस्था एवं ठंडे पीने योग्य पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

कलेक्टर श्री कोचर ने उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर संधारित करने, हम्मालों की उपस्थिति पंजी एवं भुगतान पंजी संधारण और खरीदी पंजी संधारण तथा स्टॉक रजिस्टर संधारण करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा उपार्जन केन्द्र पर कृषकों द्वारा किये गये स्लॉट बुकिंग के उपार्जन हेतु कृषको को दूरभाष पर सूचित करना एवं स्लॉट बुक कराना अनिवार्य होगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा उपार्जन केन्द्र पर नियुक्त समस्त कर्मचारियों के आईडी कार्ड जारी किये जाये। साथ ही खरीदी केन्द्रों पर गेहूँ की सफाई हेतु छन्ना एवं पंखा की व्यवस्था के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा केन्द्र पर सर्वेयर द्वारा एफएक्यू किये गये मापदण्डों का स्क्रीन शॉट मोबाईल में एवं कृषकवार सुरक्षित रखे जाये। उपार्जन केन्द्र पर कृषकों की जारी की गई तौल पर्ची, खरीदी पावती, रेडी-टू-ट्रांसपोर्ट एवं परिवहन चालन की प्रति की फाइल संधारित करने सबंधित अधिकारी को निर्देश दिये गये।

भ्रमण के दौरान सहायक आपूर्ति अधिकारी राजेश कुमार पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ईदुल फितर एवं रामनवमीं को लेकर बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

आगामी ईदुल फिक्र एवं रामनवमीं पर्व को लेकर मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस अधीक्षक के विशेष दिशा निर्देश पर थाना परिसर में टीआई अमित गौतम एवं एसआई यू.के. करोलिया के मार्गदर्शन में नगर के गणमान्यजनों, जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस स्टाफ की गरिमामय उपस्थिति मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे सभी त्योहार आपसी सदभाव एवं परंपरागत ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कानून एवं शासन की गाइड लाईन पालन करने का संकल्प लिया। बैठक मे 11 अप्रेल 2024 को ईद पर्व एवं 17 अप्रेल 2024 को रामनवमीं पर्व पर बाईक रैली एवं तखत परंपरागत ढंग से निकाले जायेंगे। बैठक मे जामा मस्जिद सदर नबाब खान, तैय्युब अली, सुजात खान,हबीब राजा, लक्ष्मन पटेल, शेख असीम खान, राकेश वर्मा, मुंशी लक्ष्मीकांत पौराणिक,प्रधान आरक्षक अभिषेक चौबे, अन्नू राजपूत, नरेश साहू, बीरेन्द्र दुबे, पंछी सिंह, कालूराम अहिरवार सहित बडी.संख्या में गणमान्यजन, जनप्रतिनिधि मीडिया मित्र एवं पुलिस स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।

# टीबी से जागरूक करने चला रहे कैंपेन



**दमोह।** कलेक्टर एव जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बेक के मार्गदर्शन में जानते हो ना... टीबी हो सकता है। कैंपेन के अंतर्गत दमोह जिले में प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे पंजीकृत चिकित्सकों के यहां एनटीईपी स्टाफ के द्वारा उनके नर्सिंग होम एवं क्लीनिक की प्रतिदिन विजिट की जा रही है, जिसमें जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर गौरव जैन, डीपीसी दीपक सिंह राजपूत, हेड क्वार्टर एसटीएस श्री चेतन अग्रवाल एवं साई आशीष के डीपीएम शिवांक असाटी के द्वारा पंजीकृत चिकित्सकों से प्रतिदिन मुलाकात की जा रही है एवं उन्हें जानते हो ना... टीबी हो सकता है कैंपेन के अंतर्गत प्रचार प्रसार सामग्री दी जा रही है। एवं टीबी से संबंधित लक्षण जैसे दो हफ्ते 14 दिन से ज्यादा खांसी आना, बुखार और रात में पसीना आना, निरंतर वजन घटना, बलगम में खून आना आदि इन लक्षणों की टीबी जांच करना और टीबी पॉजिटिव आने पर नि क्षय पोर्टल पर नोटिफाई करने के संबंध में जानकारी दी जा रही है। प्रचार प्रसार सामग्री में माउस पैड, चाय का कप जिसमें जानते हो ना... टीबी नोटिफिकेशन से संबंधित जानकारी है। स्टैंडी एवं प्रचार प्रसार हेतु फ्लेक्स पोस्टर भी दिए जा रहे हैं। ताकि इलाज कराने आने वाले मरीजो को टीबी से संबंधित जानकारी उन्हें प्राइवेट नर्सिंग होम एवं प्राइवेट क्लीनिक पर आसानी से मिल जाए। जिला क्षय अधिकारी डॉ. गौरव जैन ने बताया कि दमोह जिले के लगभग 40 पंजीकृत चिकित्सक हैं, जिनमें से 20 चिकित्सकों के यहां संपर्क हो गया है, शेष का एक हफ्ते में संपर्क कर नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए कार्य टीम के साथ कर रहा हूं।

# शतचंडी महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली 501 कन्याओं सहित हजारों श्रद्धालु हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा जंप के बम्होरी माला में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सिद्ध धाम माता मढ़ा मंदिर में 9 दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ हो रहा है। आज भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें 501 कन्याएं और महिलाएं शामिल हुईं। सभी ने हजारों श्रद्धालुओं के साथ गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े के साथ कलश यात्रा संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राचीन शिव मंदिर खेर माता मंदिर से होते हुए श्री राम जानकी रमण शाला मंदिर में विशेष पूजन पाठ की तत्पश्चात नगर भ्रमण करते हुए यज्ञशाला मंडप पहुंची जहां पर आचार्य पंडितों के द्वारा विधि विधान से कलश स्थापना के साथ देव आवाहन पूजन की गई महायज्ञ में पूजा-पाठ व मंत्रोच्चार से पूरा गांव भक्तिमय हो गया है।

### महायज्ञ से एक नहीं अनेक का कल्याण होता है : पं पंकज प्रसाद तिवारी

भारतीय संस्कृति में श्री शतचंडी महायज्ञ देवी शक्ति का बड़ा शुभ और बड़ा स्वरूप माना गया है। इसके विधि पूर्वक पूर्ण होने पर एक नहीं अनेक जन का कल्याण होता है और उनके कार्यों की सिद्धि पूर्ण होती है। जिस स्थान पर यह धार्मिक अनुष्ठान होता है, वह पूरा नगर या पूरा ग्राम सुख शांति और वैभव से परिपूर्ण हो जाता है। उक्त उद्गार यज्ञाचार्य पंडित पंकज प्रसाद तिवारी ने श्री पंचकुंडात्मक नव दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ के कलश स्थापित करने के दौरान व्यक्त किए वही यज्ञ के आयोजक श्रीमती रुक्मणी हेमराज राय ठेकेदार परिवार के द्वारा शत चंडी महायज्ञ में कलश पूजन की गई।

# बाघों के भोजन की व्यवस्था के लिए टाइगर रिजर्व में लगातार आ रहे चीतल

**तेन्दूखेड़ा।** वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन उनकी डाइट की समस्या का हल नहीं हो पाया है। दरअसल टाइगर रिजर्व में पहले से ही शाकाहारी जानवरों की कमी के कारण बाघों के लिए भरपूर डाइट नहीं मिल पा रही है। ऐसे में टाइगर रिजर्व में बाघों के भरपूर भोजन के लिए अलग-अलग टाइगर रिजर्व से 1500 चीतल बुलाए जा रहे हैं। जिनके आने का सिलसिला शुरू हो गया है। सुखद संकेत ये है कि इन चीतलों को टाइगर रिजर्व की आवोहवा भा रही है और अब इनके बच्चे भी टाइगर रिजर्व में कुलाचें भरते नजर आ रहे हैं।बता दें कि महज 6 सालों में रिजर्व में बाघों की संख्या 19 से बढ़कर 21 हो गई है। यहां बीते सप्ताह पहले ही बांधवगढ़ नेशनल पार्क से बाघ और बाघिन का जोड़ा लाया गया था, जो रिजर्व के जंगलों में मस्ती करते हुए दिखाई दे रहे हैं। टाइगर रिजर्व में शाकाहारी जानवरों की कमी को देखते हुए प्रबंधन द्वारा वन मुख्यालय के लिए 1500 चीतल का प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्ताव के तहत 1 हजार चीतल पेंच टाइगर रिजर्व और 500 कान्हा टाइगर रिजर्व से आने का सिलसिला जारी है। अब तक 850 चीतल नौरादेही टाइगर रिजर्व में आ चुके हैं। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए प्रबंधन द्वारा चीतलों को बाड़े में रखा जा रहा है। साथ ही उन इलाकों में छोड़ा जा रहा है, जो इलाके विस्थापित हो चुके हैं। कोशिश की जा रही है कि ये जानवर यहां के माहौल में रच बस जाएं और अपनी संख्या बढ़ाएं। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी कहते हैं कि टाइगर रिजर्व के पहले जब नौरादेही अभ्यारण्य होता था, तो शाकाहारी में हिरण की संख्या काफी कम थी, जबकि मृग की संख्या जिनमें नीलगाय और चिंकारा आते हैं, वो संतोषजनक कही जा सकती है, लेकिन हिरण की संख्या बढ़ाने के लिए पेंच से लगभग 1000 चीतल और कान्हा टाइगर रिजर्व से 500 चीतल की अनुमति वन मुख्यालय से मिल गई है।

### गणेश पाण्डेय बनें हटा तहसील पेंशनर्स अध्यक्ष

**हटा।** विगत दिनों तहसील पेंशनर्स अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने पर पेंशनर्स शाखा दमोह के निर्देशानुसार नवीन अध्यक्ष के चुनाव हेतु कार्यकारी अध्यक्ष हरिनारायण चौरसिया के द्वारा रिटायर्ड आरआई श्री गणेश पाण्डेय को अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया गया जहां बैठक में उपस्थित पेंशनर्स साथियों द्वारा सर्व सम्मिति से श्री पांडेय को तहसील पेंशनर्स एसोसियन का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

# मंदिर में स्थापित श्री पिपरासन माता जी की मनमोहक प्रतिमा



**गैसाबाद।** चैत्र नवरात्र प्रारंभ होते ही घर-घर में मां की आराधना पूजा अर्चना का दोर प्रारंभ हो चुका है ग्राम की बड़ी देवी शीतला माता मंदिर ,पिपरासन माता मंदिर, बंजारी माता मंदिरो मे सुबह से ही श्रद्धालुओं का जल अभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में ताता लगा रहता है। लोग सुबह भोर में उठकर शक्ति की देवी जगदंबे मां की पूजा अर्चना कर रहे हैं नवरात्रि के पर्व पर दीबालो पर श्रद्धा पूर्वक जवारे भी बोये गए हैं। इस धार्मिक पर्व पर ग्राम का माहौल धर्ममय बना हुआ है बच्चे बूढ़े बुजुर्ग सभी शक्ति की उपासना एवं पूजा अर्चना करके धार्मिक लाभ अरजित कर रहे हैं।

# नवरात्रि से पहले दिन दिखी माता शारदा के लिए अनोखी भक्ति



**बनवार।** जनपद जबेरा के गांव कुलुआ मोसीपुरा में माता की अनोखी भक्ति और शक्ति का नजारा देखने को मिला है। जहां गांव के हर घर से एक व्यक्ति 250किलोमीटर की पद यात्रा करते हुए मैहर धाम के लिए रवाना हुआ। आदिशक्ति मां दुर्गा की उपासना का पर्व शुरू गया है। पहले दिन ही माता की अनोखी भक्ति और शक्ति का नजारा देखने को मिला। दमोह जिले के जनपद जबेरा के कुलुआ गांव के हर घर से एक एक युवा 250 किलोमीटर की पद यात्रा करते हुए मैहर धाम के लिए रवाना हुआ। यहां लोग घर परिवार के साथ अपने गांव और जिले की सुख समृद्धि की कामना करने और लोगों को धर्म के प्रति जागरूक करने के लिए बीते पांच साल से चैत्र नवरात्रि में पैदल यात्रा करते हैं।

### रोजाना करेगें 40 किलोमीटर की यात्रा

माता की गजब भक्ति का अंदाजा पैदल यात्री लेखन सिंह की इस बात आप लगा सकते हैं कि इस यात्रा में सभी युवा शामिल हैं। उनके हाथों में माता की चुनरी से बना लाल झंडा होता है जो जय माता दी के जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ते जाते हैं। एक दिन में 40 किलोमीटर तक की पद यात्रा करते हैं। जो पैदल यात्रा करते हुए पंचमी तिथि को मैहर धाम पहुंचकर माता को झंडा समर्पित करेंगे और फिर माता से सुख समृद्धि के लिय प्रार्थना करेंगे।

### दुकानदारों नहीं दे रहे पक्का बिल

**पथरिया।** नगर में बहुत से ऐसे प्रतिष्ठान खुलें है जहां लाखों रूपए की प्रतिदिन बिक्री हो रही पर ग्राहकों को सादे कागज पर पैसे जोड़कर बता दिया बस हो गया किसी भी दुकानदार द्वारा ग्राहकों को पक्का बिल नही दिया जा रहा है जीएसटी व सेल टैक्स के अधिकारी द्वारा भी कभी कार्यवाही नहीं की जाती जिससे सब अपनी अपनी मनमानी करते रहते या फिर कहें तो सब कुछ मिलीभगत से चल रहा हो मगर जब जब जिलें में कहीं कार्यवाही होती है तो इतना जरूर करते हैं कि उस समय अपनी दुकान बंद कर लेते हैं ताकि अगर कोई अधिकारी आकस्मिक निरीक्षण करने आ भी जाए तो प्रतिष्ठान बंद देखकर चला जाएगा। टैक्स ग्राहकों से तो लिया जाता है हर दुकानदार द्वारा पर क्या वह ईमानदारी से शासन को अदा कर रहा इसकी भी तो जांच होना चाहिए हर विभाग में निगरानी के लिए अधिकारी नियुक्त हैं पर यहां देखकर ऐसा लगता है जैसे कोई हो नही।

# जिला स्थाई कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

**दमोह।** जिला स्थाई कर्मचारी संघ दमोह की कार्यकारिणी बैठक संरक्षक राकेश से हजारी के निवास जी.13 में जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ठाकुर, बबलू ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें सभी विभागों के स्थाई कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने सुझाव दिए गए जिसमें विभाग द्वारा स्थाई कर्मियों को सेवानिवृत्ति मृत्यु सह सेवा निवृत्ति पश्चात उत्पादन राशि एवं सातवां वेतन दिलाने पर चर्चा हुई। सेवा पुस्तिका का संचारण नहीं किया गया, एरियस का भुगतान नहीं हुआ आदि के संबंध में अध्यक्ष बबलू ठाकुर द्वारा जिला अधिकारियों से संपर्क कर सभी को शीघ्र कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया गया। जिला अध्यक्ष द्वारा जनजाति कल्याण विभाग में नियुक्ति की गई जिसमें जनजाति विभाग अध्यक्ष दुर्जन लाल विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया एवं उपाध्यक्ष श्री अंगद सिंह को नियुक्त किया गया श्री बालचंद अहिरवार को विभागीय सचिव नियुक्त किया गया देवेंद्र कुमार चौबे को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा जिसमें जनजातीय कार्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग आदि में कार्यरत स्थाई कर्मचारियों द्वारा अपनी सदस्यता ग्रहण की गई, बैठक का संचालन मुकेश तिवारी उपाध्यक्ष द्वारा एवं आभार रानू यादव एवं रुपनारायण विश्वकर्मा द्वारा किया गया जिसमें सभी स्थाई कर्मचारी उपस्थित रहे। सचिव जवाहर रैकवार, जागेश्वर तिवारी, सुरेश चौबे, मनोज रैकवार, हीरालाल यादव, दिनेश सक्सेना, पहलाद अहिरवार, विजय सिंह ठाकुर, भगवत कोरी, मनवहोरी सम्मू अहिरवार, धर्मदास अहिरवार, कमोड सिंह गौड़, फूलचंद यादव, श्रीमती उमाबाई अहिरवार, सुमन सिंह, श्रीमती सुशीला लक्ष्मी रानी, श्रीमती ममता रानी गौड़, झुनकारी बाई बसर, संतु गौड़, प्रेमलाल अहिरवार, श्रीमती हल्की भाई, मूलचंद अठया, देव सिंह आदिवासी, श्रीमती कलाबाई अहिरवार, श्री मीराबाई गौड़, श्रीमती लक्ष्मी रानी, खरगराम चढ़ार, श्रीमती राजकुमारी अहिरवार, श्रीमती देश रानी अहिरवार, श्रीमती अनीता बाई गौड़, श्रीमती विनीता बाई गौड, श्री राम प्रसाद पाटकर लोक निर्माण विभाग आदि उपस्थित रहें।

# प्रसिद्ध तीर्थक्षेत्र कुंडलपुर संकेतक नहीं लगे, रास्ता भटक रहे श्रद्धालु



**बनवार।** देश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बड़े बाबा कुंडलपुर के लिए जाने वाले कुम्हारी कटनी मार्ग पर संकेतक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। जिससे समीपी जिलों से आने वाले सैकड़ों तीर्थयात्री भ्रमित होकर भटक जाते हैं। दिन में स्थानीय लोग रास्ता बता देते है लेकिन रात के समय कई बार ऐसे तीर्थयात्री काफी दूर तक दूसरे रास्तों पर चल जाते हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। शासन प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है और कुंडलपुर समिति भी बेखबर है कटनी जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन ने कुम्हारी कटनी मार्ग संकेतक बोर्ड लगाने की मांग करते हुए बताया की 16 अप्रैल को कुंडलपुर में आचार्य श्री पदारोहण महोत्सव होने जा रहा और देश विदेश से अलग-अलग प्रांतों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं । जिनकी सहूलियत के लिए कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र तक जाने के लिए सड़क मार्गों पर साइन बोर्ड नहीं लगाए गए हैं जिससे श्रद्धालुओं को भटकना पड़ रहा है तीर्थ यात्रियों की सहूलियत के लिए कुंडलपुर मार्गों पर संकेतक बोर्ड लगाना बेहद जरूरी है ताकि यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को इधर उधर भटकना न पड़े और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तत्काल ही 16 अप्रैल के पहले कुम्हारी तिराहे सहित कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र जाने वाले सड़क मार्गों के स्थान चिन्हित कर साइन बोर्ड लगाएं जाएं।

# नन्हे बच्चों ने रमज़ान के पूरे रोजा रख कर की इबादत

**तेजगढ़।** रमजान के रोजा बड़ों के साथ-साथ मासूम बच्चों ने भी रखे । कई बच्चे जिंदगी में पहली बार रोजा रख रहे हैं । तपती धूप और गर्मी से बेपरवाह बच्चों ने अपने रब और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत बर्दाश्त कर अपने मुल्क व पूरी दुनिया में अमनो चैन की दुआ माँगी । कई वर्षों की अपेक्षा इस रमजान में भीषण गर्मी ने रोजेदारों का इम्तिहान लिया। जिन बच्चों ने पहली बार रोजा रखा उनके परिवार वालों ने उनकी हौसलाअफजाई की। शाम को इफ्तार के वक्त बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। रोजा खोलते वक्त सभी ने अपने रब से दुनिया में अमनो चैन की दुआ मांगी । तेजगढ़ मस्जिद ए मुजद्दीद अल्फेसानी के पेश इमाम अहमद अली आफाकी ने बताया कि ऐसे बहुत से बच्चे हैं,



जिनकी जिंदगी में पहली बार रोजा रखा है उनमें से सात साल के गुलाम मुइनुद्दीन , अली असगर आफाकी , अब्दुल मुस्तफा आफाकी , साहिल , सलमान , अब्दुल रहमान , अयान , रेहान , साजिया , रुखसार , इशरत आफाकिया , राजा आफाकी सहित 20 बच्चों के पूरे रोजे जा रहे हैं , इन्ही बच्चों ने 35 कुराने पाक की मुकम्मल तिलावत की इन बच्चों को बस्ती के लोगों ने कपड़े व इनामात देकर इनकी हौसला अफजाई की। सात साल के गुलाम मुइनुद्दीन बताते है कि पहली बार रोजा रखे है। पिछले कई महीने से रमजान के मुबारक महीने का इंतजार कर रहे थे। इस साल रोजा रखकर रब से देश की तरक्की की दुआ मांगी है। 11 साल के अली असगर बिन डॉ अब्दुल हलीम ने बताया कि खुदा की खुशनूदी हासिल करने के लिए भूख और प्यास को बर्दाश्त करना बड़ी बात नहीं है। उनके रोजा रखने पर पूरे घर में खुशी का माहौल है। 12 साल की साजिया बिन्त अब्दुल रशीद कहती हैं कि उनके रोजा रखने पर मां ने उनके खाने के लिए कई पकवान बनाए हैं। उन्हें रोजा रखकर बहुत अच्छा लग रहा है। आगे भी वह रोजा रखेंगी और अल्लाह से देश के अमन चैन की दुआ मागेंगी। तरावीह मौलाना अब्दुल माजदि आफाकी मुरादाबादी ने पढ़ाई ।

हरिभूमि
दमोह भूमि
जबलपुर, बुधवार 10 अप्रैल 2024
login : www.haribhoomi.com


### विद्या गुरु की छवि यही है, अब हमारे गुरु यही है: बड़े बाबा की नगरी में दिखा अद्भुत नजारा, मुनि संघों का हुआ मिलन


# भावी आचार्य की अगवानी करने उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

परम पूज्य समाधि सम्राट, युगश्रेष्ठ, संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के ज्येष्ठ श्रेष्ठ शिष्य निर्यापक मुनि श्री समय सागर जी महाराज को बड़े बाबा के धाम कुण्डलपुर में मंगल प्रवेश पर भव्य ऐतिहासिक अगवानी की गई। देश भर से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गुरूदेव के कुण्डलपुर प्रवेश को एक यादगार पल बना दिया। भक्त नारे लगा रहे थे देखो देखो कौन आया, जिन शासन का सिरताज आया। दोपहर जैसे ही गुरूदेव का पटेरा से विहार हुआ तो मुनि संघ के आगे ध्वजायें लेकर श्रद्धालु चल रहे थे। इसके पीछि दिव्यघोष व मुनि संघ पटेरा नगर के ब्लाक तिगड्डा पहुंचा जहां पर देश भर से पहुंचे श्रद्धालु अपने अपने ग्रुप में अगवानी में शामिल होते रहे। हाथों में आचार्य श्री व समय सागर जी की तख्तियां लेकर श्रद्धालु जयकारे लगाते हुये चल रहे थे। अगवानी में लगभग 50 ढोल की ध्वनि सभी में एक उत्साह का संचार करती थी। अखाड़ा मंडली में करतब दिखाते युवा वर्ग के प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहे। लेजिम लेकर बालिका मंडल नृत्य प्रस्तुति देकर सभी को मनमोहक प्रस्तुति दे रही थी। नृत्य मुड़िया का बैंड, डांडिया नन्हे मंदिर चौधरी मंदिर,छतरी ,भजन मंडली सिंघई मंदिर ,कलश मंडली जबेरा सिग्रामपुर सागर नाका, पुष्प दृष्टि टंडन बगीचा, ध्वज मंडली बीना वारहा ,कांच मंदिर , भाई जी मंदिर, विजयनगर ,नेमीनगर, व्यायाम शाला बड़ा मंदिर, शेर नृत्य, बधाई नृत्य, बरेदी नृत्य, पाठशाला ,बालिका मंडल मलैया मंदिर ,पथरिया, सागर ,बीना खुरई, दलदल घोड़ी पार्टी बंड़ा शाहपुर, खिमलासा ,गढ़ाकोटा रहली, जरूरखेड़ा ,नरयावली मंडला, शहडोल, विदिशा, पन्ना टीकमगढ़ ,मड़वार दिव्य घोष छतरपुर नगडिया ,शाहगड़, हाट पिपलिया ,घोड़ी नेमावर हरदा कटनी सतना रीवा कटंगी गोसलपुर गंजबासौदा मंडी बामोरा पाटन बेगमगंज मैहर भोपाल उज्जैन झांकी शाहपुरा भिटोनी सहजपुर, ललितपुर व्यायाम शाला ,महिला पार्टी दिव्या घोष दयोदय,अशोक नगर दिव्या घोष,डमरू पार्टी, छतरी पलंदी मंदिर नसिया जी, अंतर्राष्ट्रीय श्याम बैंड सम्मिलित रहे। पटेरा से लेकर कुंडलपुर तक जन सैलाब पूरे रास्ते में उमड़ता हुआ मुनि श्री की भव्य अगवानी में पलक पांवडे बिछाए नाचते गाते नारे लगाते हुए चल रहा था । इस अवसर पर निर्यापक मुनि श्री वीर सागर जी महाराज ज्येष्ठ आर्यिकारत्न श्री गुरुमति माताजी, आर्यिकारत्न श्री दृणमति माताजी , आर्यिकारत्न श्री गुणमतिमाता, और भी माताजी अगवानी में शामिल थी। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बैंड, भारत के प्रसिद्ध 21 दिव्य घोष, 36 रथ, 111 सदस्यों का अखाड़ा, ड्रोन से सुगंधित जल व पुष्प वर्षा हजारों आचार्य श्री एवं मुनि समय सागर जी की छवियां चित्र ,2000 धर्म ध्वजाएं, 111 विशेष ध्वजाएं, 111 ढोल नगाड़े ,हटा से सर्वोदय बालिका मंडल की लेजम का प्रदर्शन करती बालिकाएं एवं दिव्य घोष, दिव्य घोष मुंगावली, सागर,




जबलपुर, बंडा, बीना वारहा, देवरी ,पथरिया ,दमोह हटा, पटेरा सहित सैकड़ो नगरों से सभी प्रदेशों से भक्त श्रद्धालु अगवानी के पलों को खास बनाते जा रहे थे ।सैकड़ो बसें ,हजारों चार पहिया वाहन इस अगवानी में हिस्सा लेने पहुंचे हुए थे। मुनि संघ का जगह-जगह रंगोली सजाकर भक्तों द्वारा एवं कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी, कुंडलपुर महोत्सव समिति द्वारा पाद प्रक्षालन किया गया। जैसे ही मुनि श्री समय सागर जी कुण्डलपुर के द्वारा पर पहुंचे तो समूचा जनसमूह में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। कुंडलपुर में पूर्व से विराजमान निर्यापक संघ ,मुनि संघो एवं आर्यिका संघो ने निर्यापक मुनि श्री समय सागर जी महाराज की भव्य अगवानी की भव्य मंगल मिलन हुआ। सभी निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी, मुनि श्री नियम सागर जी ,मुनि श्री सुधासागर जी ,मुनि श्री समता सागर जी ,मुनि श्री प्रसादसागर जी, मुनि श्री अभयसागर जी, मुनि श्री संभव सागर जी ,मुनि श्री वीरसागर जी, मुनि श्री प्रमाण सागर जी ,मुनि श्री प्रणम्यसागर जी सहित सभी मुनिराज ,आर्यिका माता सहित सभी शिष्यों का भव्य मंगल मिलन का दृश्य अद्वितीय था। बड़ी संख्या में ब्रह्मचारी भैया जी एवं दीदी जी भी अगवानी में सम्मिलित थी। मंच पर ऊपर संघ के आगामी नायक विराजमान हुये सभी मुनिगणों व आर्यिका संघ ने उन्हे नमोस्तु कर उनकी परिक्रमा की। परिक्रमा के पश्चात मुनि श्री समय सागर जी चारों ओर खड़े जनसमूह को आर्शीवाद दिया व सभी ने नमोस्तु गुरूवर के नारों से पूरा समां गुंजायमान कर दिया। इसके पश्चात मुनि संघ कुण्डलपुर में तालाब के समीप बने मंच पर पहुंचा जहां पर सभी मुनि जनों ने अपने ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि श्री समय सागर जी का पाद प्रच्छालन किया। इसक पश्चात मुनि श्री समय सागर जी की दिव्यदेशना का लाभ सभी को मिला। इसके पश्चात मुनि संघ ने आचार्य भक्ति की।



कुण्डलपुर में मंगलवार गुरूदेव की अगवानी में उमड़ा जनसमूह निश्चित 16 को होने वाले महामहोत्सव का एक अल्स्वरूप सभी को दिखा गया।










## पटेरा में हुई आहारचर्या



मुनि श्री समय सागर जी महाराज की सुबह पटेरा में भव्य अगवानी हुई । मुनि संघ ने जैन बड़ा मंदिर में पहुंचकर दर्शन किये व बाजार में बने पंडाल में पहुंचे जहां पर श्रद्धालुओं ने मुनि श्री की पूजन की। इसके पश्चात आहारचर्या संपन्न हुई। आहारदान देने का सौभाग्य विजय बजाज, नरेन्द्र बजाज पत्रकार, राजेन्द्र बजाज, नमन बजाज, दिव्यांश बजाज, कविन बजाज परिवार को प्राप्त हुआ।

## मुनि श्री समय सागर जी बनेंगे नव आचार्य

सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ कुंडलपुर की पावन धरा पर 16 अप्रैल को आचार्य पद पदारोहण महोत्सव होने वाला जिसमें आचार्य श्री के विशाल संघ की जिम्मेदारी का भार निर्यापक श्रमण समय सागर जी को दिया जायेगा। उन्हे संघ के आचार्य के रूप में प्रतिष्ठापित कर संघ के दायित्व सौंपे जायेगे। आचार्य श्री विद्यासागर जी की समाधि इस विश्व के लिये एक अपूर्णीय क्षति है। उनके दर्शन अब इस धरा पर तो नहीं हो सकते लेकिन उनकी ही छवि, चर्या वाले निर्यापक मुनि श्री समय सागर जी निश्चित ही उनकी कमीं को पूरा करेंगे। आचार्य पद प्रतिष्ठा होने से संघ व समाज को एक नये आचार्य का कुशल दिशा निर्देशन मिलेगा।

## जिस व्यक्ति के ह्दय में गुरू व प्रभु विराजमान होते है उनको कभी कोई कठिनाई नहीं होती : मुनि श्री समय सागर जी

**दमोह**। मुनि श्री समय सागर जी महाराज ने कहा कि कुण्डलपुर ऐसा पावन सिद्धक्षेत्र है कि यहां प्रवेश करते ही परिणामों में उज्जवलता आती है। यहां साधकों ने करोड़ो वर्ष तपस्या की है जिसके फलस्वरूप बिना किसी पुरूषार्थ के भी मन केंद्रित हो जाता है। गुरूदेव कहते थे कि बहिरंग साधना करते हुये अनंतकाल व्यतीत हुआ है, उसके बाद भी वह साधना सिद्धत्व का कारण नहीं बन पाई क्योंकि अंतरंग साधना के अभाव में लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होती। अंतरंग साधना के माध्यम से गुणस्थान का निर्माण होता है। एक बार ब्रम्हचारियों ने गुरूदेव के सामने एक वाक्य कहा, वह था मोक्ष मार्ग जटिल तो है किंतु कुटिल नहीं है। इन पंक्तियों को सुनने के बाद हमारी आंखे खुल गई। गुरू वचन को उपकरण के रूप में स्वीकार किया है। जिनेन्द्र भगवान के वचन हमारे लिये अमृत का काम करते है, लेकिन गुरू वचन इन वचनों को स्पष्ट कराते है, गहराई का स्पर्श कराते है। उन्होने कहा कि सबसे उत्कृष्ट साधक तीर्थंकर माने जाते है। एक सज्जन ने कहा कि गुरूदेव रहे नहीं, हम किसी शरण में जायें। इतने वर्षो से जितने आत्मा की साधना की है, उस साधना के माध्यम से जो प्रकाश किया है उसमें हम रह रहे है तो फिर किस बात विकल्प है। विकल्प शांत होने चाहिये। जिस व्यक्ति के ह्दय में गुरू व प्रभु विराजमान होते है उनको कभी कोई कठिनाई नहीं होती।

## बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई

**तेंदूखेड़ा**। दो दिनो से शाम के समय तेज तूफान के साथ हो रही रिमझिम बारिश के साथ अनेक ग्रामो में ओलावृष्टि से किसानो की खेत में खड़ी फसलों को नुकसान हो गया है। ज्ञात हो कि सोमवार की शाम को हुई बारिष के साथ ग्राम बमनोदा के



आसपास क्षेत्र में बेरी के आकार के ओले गिरे है। जिस कारण खेतो में खड़ी गेंहू की फसल खेतो में ही बिछ गई है एवं उडद की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। साथ ही गेंहू की बालियां टूटकर खेतो में बिखर गई है। ऐसे ही मंगलवार को शाम को बारिष होने के कारण मौसम में ठंडक आ गई लेकिन किसानो के लिए समस्या खड़ी हो गई है। बमनोदा के किसान मिथलेष अहवासी ने बताया हैं कि तूफान के साथ बारिष और ओला गिरने कारण मेरी 7 एकड में उडद की फसल को नुकसान हुआ है। इसके अलावा गेंहू की फसल को भी बहुत नुकसान है। जो गेंहू की फसल खेत में खडी हुई थी वह खेतो में ही बिछ गई है एवं गेंहू की बालियां टूटकर खेत में ही बिखर गई है। जिनकी फसल कटकर रखी थी उसे भी नुकसान हुआ है। पिछले वर्ष भी ओला गिरने से मटर की फसल चोपट हो गई थी पिछले दो सालो से यहां के किसान प्राकृतिक आपदा को झेल रहे है। हम सभी किसान शासन से मांग करते हैं कि हमारी फसलों का सर्वे कराकर नियमानुसार मुआवजा दिया जाए। एसडीएम अविनाष रावत ने कहां है कि मैं पटवारी की टीम भेजकर दिखवा लेते है अगर नुकसान हुआ है तो किसानो को उचित मुआवजा दिलाया जाएंगा।

## अनियंत्रित हाइवा ने बुलेट सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत

**बटियागढ़**। बटियागढ़ थाना अंतर्गत बटियागढ़ दमोह मार्ग पर अनियंत्रित हाइवा ने बुलेट सवारों को टक्कर मार दी,हादसे में बुलेट पर सवार 1 युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई,जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हुआ है। घटना की सूचना पर बटियागढ़ थाना पुलिस मौके पर पँहुची और म्रतक व घायल दोनो को अस्पताल भेजा गया।जानकारी के अनुसार बुलेट सवार बटियागढ़ से खिरिया गांव जा रहे थे। जो सामने से आ रहे हाइवा वाहन से टकरा गए,हादसे में नरेश सिंह लोधी पिता वलराम उम्-25 साल की घटना स्थल पर ही मोत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया 108 से सामुदायिक केंद लाया गया। जहां नरेश सींग लोधी को डॉक्टरों में मृत घोषित की वही घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल दमोह रेफर किया गया पुलिस ने मोके पर पहुच कर पंचनामा करवाई मामले की जांच शुरू की है।

## 4 साल की बच्ची के गले में अटका सिक्का, इमरजेंसी ऑपरेशन कर निकाला

**दमोह**। जिला चिकित्सालय में बीती रात सिक्का निगलने के बाद हुई तकलीफ के कारण 4 वर्ष की बच्ची आराध्या चौबे को भर्ती किया गया। मामले की गम्भीरता से लेते हुए रात 01 बजे इमरजेंसी ऑपरेशन करके जिला अस्पताल में पदस्थ नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल शुक्ला द्वारा सिक्के को बाहर निकाल दिया गया। सुबह तक बच्ची को ऑब्जरवेशन में रखकर डिस्चार्ज भी कर दिया गया। बच्ची के ठीक होने पर पिता ने चिकित्सकों का बहुत-बहुत धन्यवाद किया। आपरेशन करने वाली टीम में ऑपरेटिंग सर्जन डॉ. विशाल शुक्ला के साथ डयूटी डॉक्टर डॉ. उदय भास्कर रेड्डी, एनेस्थेटिस्ट डॉ. सृष्टि जैन, आपरेशन थिएटर इंचार्ज स्टाफ नर्स मेघना नामदेव एवं ओ टी तकनीशियन सतीश अहिरवार रहे।

## वाहन चेकिंग के दौरान तीन लाख रूपये जब्त

**पटेरा**। लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम के तहत गठित एफएसटी एसएसटी टीम पटेरा तहसील में सक्रिय रूप से वाहन चेकिंग कर वरिष्ठ अधिकारियों व आयोग के निर्देशों के तहत कार्यवाही में जुटी है। 8-9 अप्रैल की दरमियानी रात वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन से 3 लाख 3 हजार 440 नागद जप्त कर कार्रवाई की गई। लाल सिंह निवासी पिपरौधा छक्का से चेकिंग वारंट पर उक्त राशि जप्त की गई। उक्त कार्रवाई संपादित करने में कुम्हारी थाना प्रभारी, जितेंद्र सिंह राजपूत, जहांगीर खान एएसआई, रत्नेश मिश्रा, अंगद सिंह लोधी, महेश उपाध्याय एएसआई पटेरा, भूपेंद्र सिंह राजपूत कैमरामैन ने उक्त कार्रवाई की।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, दो घायल

**तेंदूखेड़ा**। मंगलवार को लगभग शाम साढे 5 बजे ग्राम मंहगुवाकला में रिमझिम वारिस के साथ आकाषीय बिजली गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई एवं दो महिलाएं घायल हो गई है। ये सभी एक ही परिवार के लोग थे। बताया जा रहा है कि मंहगुवांकला में राजेष पिता नन्नू सेन 27 घर से कुआं पानी भरने के लिए गया था लेकिन वापिस लोटते समय रिमझिम वारिस होने के कारण आम के पेड़ की नीचे रूक गया था लेकिन पेड़ पर आकाषीय बिजली गिरने से राजेष का सीना जलने के कारण उसकी मौत गई है। वही वर्षा पति पप्पू सेन 27, गीता पति रोहित सेन 48 ये दोनो ग्राम के बाहर मंहुआ बीनने के लिए गई हुई थी। वापिस लौटते समय जैसे ही रिमझिम वारिस होने लगी तो दोनो महिलाएं राजेष के साथ घर से कुछ दूरी पर लगे आम के झाड के नीचे जाकर छुप गई। उसी समय झाड़ के उपर आकाषीय बिजली गिर गई। जिससे राजेष की मौत गई थी। साथ ही घायल दोनों महिलाओं एवं मृतक को 108 की मदद से तेंदूखेड़ा अस्पताल लाया गया था महिलाओं का इलाज किया जा रहा है। तेंदूखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर जॉच की जा रही है। बताया जा रहा है कि गीता सेन आंगनबाड़ी सहायिका है।

## घरेलू नौकर, किरायेदारों का पुलिस सत्यापन, होटल, ढाबों एवं लॉज का किया गया औचक निरीक्षण

**पन्ना**। पुलिस अधीक्षक पन्ना सांई कृष्ण एस. थोटा द्वारा आदर्श आचार संहिता को द्रष्टिगत रखते हुये जिले मे आपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने एवं शांतिपूर्ण वातावरण हेतु पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियो को एक विशेष अभियान चलाकर अपने अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत घरेलु नौकरों ,किराये दारों का सत्यापन करने एवं थाना क्षेत्रो मे आने वाले होटल,ढाबो व लांज की चौकिंग कर सी-फार्म के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन मे जिले के समस्त थाना प्रभारियो व उनकी पुलिस टीम द्वारा घरेलु नौकरो एवं किरायेदारो का सत्यापन कर मकान मालिको को समझाइस दी गई की मकान किराये पर देते समय पूर्ण सावधानी बरते ,किरायेदार का पुलिस वैरिफिकेशन आवश्य करवाये एवं किरायेदार की संदिग्ध गतिविधि होने पर उसकी सूचना पुलिस को देवें , साथ ही होटलो ,ढाबो व लांज की चौकिंग की कार्यवाही कर आगंतुक रजिस्टर चौक कर होटल मालिको को हिदायत दी गई।